**मध्य प्रदेश शासन**
**किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग**
**मंत्रालय, भोपाल**

क्रमांक/ AHR/10/0010/2021/14-2 (O.S. 57041)/886 भोपाल, दिनांक 29-11-2022

**स्टेट स्टीयरिंग कमेटी बैठक दिनांक 28-10-2022 का कार्यवाही विवरण**

खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) युनाईटेड नेशन्सके सहयोग से ग्लोबल इन्वायरमेंट फेसिलिटी (जी.ई.एफ.) अंतर्गत ग्रीन एग्रीकल्चर: ट्रांसफार्मिंग इंडियन एग्रीकल्चर फॉर ग्लोबल इन्वायरमेंटल बेनिफिटिस एंड दी कन्सर्वेशन ऑफ क्रिटिकल बायोडायवर्सिटी एंड फॉरेस्ट लैंड स्केप प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन प्रदेश के श्योपुर एवं मुरैना जिले के चिन्हित क्षेत्र में किया जा रहा है।

श्री इकबाल सिंह बैंस, मुख्य सचिव, मध्य प्रदेश शासन की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट अंतर्गत स्टेट स्टीयरिंग कमेटी (SSC) की बैठक मुख्य सचिव के प्रतिकक्ष में दिनांक 28/10/2022 को प्रात: 11 बजे से 11:30 बजे तक संपन्न हुई । बैठक में उपस्थिति एवं कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रमांक | अधिकारी का नाम | पद |
|---|---|---|
| 1 | श्री शैलेन्द्र सिंह | कृषि उत्पादन आयुक्त, म.प्र.शासन, मंत्रालय, भोपाल |
| 2 | श्री जे.एन. कंसोटिया | अपर मुख्य सचिव, म.प्र.शासन, पशुपालन विभाग तथा उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, मंत्रालय, भोपाल |
| 3 | श्री अजीत कुमार | सचिव, म.प्र.शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय, भोपाल |
| 4 | श्री संजीव सिंह | सचिव, म.प्र.शासन, अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, मंत्रालय, भोपाल |
| 5 | श्रीमति प्रीति मैथिल नायक | संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, म.प्र. |
| 6 | श्री आर.बी. सिन्हा | परियोजना संचालक, ग्रीन-ऐग प्रोजेक्ट, एफ.ए.ओ. नई दिल्ली |
| 7 | डॉ. अतुल श्रीवास्तव | प्रधान प्रमुख वन संरक्षक एवं सदस्य सचिव, म.प्र.जैव विविधता बोर्ड |
| 8 | श्री अजय कटेसरिया | उप सचिव, म.प्र.शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग, मंत्रालय, भोपाल |
| 9 | सुश्री सुफिया फारूकी | मुख्य कार्यपालन अधिकारी, MGNREGS |
| 10 | श्री शिवम वर्मा | कलेक्टर, जिला श्योपुर |
| 11 | श्री बी. कार्तिकेयन | कलेक्टर, जिला मुरैना |
| 12 | डॉ. कोन्डा चावा रेड्डी | FAO प्रतिनिधि, नई दिल्ली |
| 13 | डॉ.वाय.पी. सिंह | डायरेक्टर एक्सटेंशन सर्विसेस, राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) |

...... 2

29/11/2022

1. संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग म.प्र. भोपाल द्वारा ग्रीन ऐग प्रोजेक्ट का परिदृश्य प्रस्तुत किया गया। इसमें परियोजना के विभिन्न घटकों, कार्य प्रगति एवं पिछली बैठक दिनांक 14-08-2020 का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।
2. प्रोजेक्ट अन्तर्गत 2022-23 हेतु रूपये 4,71,15,911 /- का एन्यूअल वर्क प्लान एवं बजट प्रस्तुत किया गया । समिति द्वारा एन्यूअल वर्क प्लान एवं बजट का अनुमोदन किया गया ।
3. प्रोजेक्ट स्टाफ हेतु यात्रा एवं अन्य भत्तो के लिए मानदेय के आधार पर म. प्र. शासन वित्त विभाग के सर्कुलर क्रमांक F 4-2/2016/ Rule/4 Dated 05 Nov. 2016 का पालन करने की संस्तुति की गई जिसका समिति द्वारा अनुमोदन किया गया।
4. प्रोजेक्ट का मध्यावधि निरीक्षण (मिड्टर्म रिव्यू) नजदीक है, जिसमें प्रोजेक्ट क्रियान्वयन की प्रगति प्रस्तुत की जानी है। इसके लिए जिला श्योपुर एवं मुरैना के कलेक्टर द्वारा ग्रीन लैंडस्केप इंप्लीमेंटेशन यूनिट एवं जिले के कर्मचारियों से चिन्हित वाटरशेड एरिया में प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन शुरू करवाने पर सहमति दी गई।
5. प्रोजेक्ट अंतर्गत तत्काल क्रियान्वयन योग्य एक्टिविटीज की सूची एन.पी..एम.यू. द्वारा कलेक्टर जिला श्योपुर एवं मुरैना के साथ साझा की जाए।
6. कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन्स की नियुक्ति नवंबर 2022 तक पूरी की जाए। इस नियुक्ति में चिन्हित गांव या विकासखंड के स्थानीय अभ्यर्थी ही चुने जाएं । कलेक्टर, श्योपुर द्वारा जिला श्योपुर एवं मुरैना में प्रोजेक्ट क्षेत्र के लिये कम्यूनिटी रिसोर्स पर्सन्स की नियुक्ति की कार्यवाही की जाएगी ।
7. ग्रीन लैंडस्केप इंप्लीमेंटेशन यूनिट में रिक्त पद एनिमल हसबेंडरी ऐक्सपर्ट हेतु शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव में उपयुक्त बदलाव कर रिक्त पदों की पूर्ति की जाए।
8. प्रोजेक्ट के मूल उद्देश्य को प्राप्त करने में सहयोग देने वाली अन्य योजनाओं से संबंधित गतिविधियों में जहां फंड की कमी है, वहां प्रोजेक्ट के फंड से सहायता की जाए।
9. ग्रीन लैंडस्केप डेवलपमेंट प्लान को ग्राम पंचायत के डेवलपमेंट प्लान के साथ कनवर्ज किया जाए।
10. ग्रीन ऐग प्रोजेक्ट हेतु कार्यालय के लिये उपयोगी उपकरण एवं अन्य सामग्री का क्रय नवंबर 2022 तक सुनिश्चित किया जाए।
11. स्टेट स्टीयरिंग कमेटी की बैठक साल में दो बार आयोजित की जाए। जिला श्योपुर और मुरैना में कलेक्टर की अध्यक्षता में टेक्निकल सपोर्ट ग्रुप की बैठक प्रत्येक त्रैमास में आयोजित की जाए।
12. संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास मध्य प्रदेश, भोपाल की अध्यक्षता में ज्वाइंट रिव्यू मीटिंग हर छह माह में आयोजित की जाए।

.....3

29/11/2022

13. फूड एंड ऐग्रीकल्चर आर्गेनाइजेशन के प्रतिनिधि डॉ. कोन्डा चावा रेड्डी द्वारा आग्रह किया गया कि राज्य स्तर पर कृषि उत्पादन आयुक्त, मध्य प्रदेश शासन अथवा अपर मुख्य सचिव, म.प्र. शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा प्रत्येक त्रैमास में की जाए। समिति द्वारा सहमति प्रदान की गई।
14. अपर मुख्य सचिव,मध्य प्रदेश शासन,पशुपालन विभाग द्वारा प्रोजेक्ट अंतर्गत चिन्हित गांवों की सूची उपलब्ध कराने हेतु कहा गया, जो बैठक के तुरंत बाद उपलब्ध कराई जाय।

अंत में सधन्यवाद, बैठक समाप्त की गई।

29/11/2022
(प्रकाश खाखीजा)
अवर सचिव
मध्य प्रदेश शासन
किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग

पृ.क्रमांक/ AGR/10/0010/2021/14-2(57041)/887 भोपाल, दिनांक 29-11-2022
प्रतिलिपिः-

1. अपर मुख्य सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, भोपाल ।
2. कृषि उत्पादन आयुक्त, म.प्र.शासन, मंत्रालय, भोपाल।
3. अपर मुख्य सचिव, मध्य प्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग/ पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग/ पशुपालन विभाग/ उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
4. श्री आर.बी. सिन्हा,परियोजना संचालक, ग्रीन-ऐग प्रोजेक्ट, एफ.ए.ओ. नई दिल्ली।
5. डॉ. कोन्डा चावा रेड्डी,FAO प्रतिनिधि, नई दिल्ली।
6. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, वित्त विभाग / वन विभाग / अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग / महिला एवं बाल विकास विभाग / अनुसूचित जाति कल्याण विभाग / अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, मंत्रालय भोपाल (म.प्र.)।
7. आयुक्त, चम्बल सम्भाग, मुरैना (म.प्र.)।
8. संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, मध्य प्रदेश, भोपाल ।
9. सदस्य सचिव,मध्य प्रदेश,जैव विविधता बोर्ड, भोपाल,म.प्र.।
10. कुलपति, राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)।
11. कलेक्टर, जिला श्योपुर एवं मुरैना(म.प्र.)।
12. संयुक्त संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास,चम्बल सम्भाग, मुरैना, म.प्र. ।
13. उप संचालक/परियोजना संचालक (आत्मा), किसान कल्याण तथा कृषि विकास, जिला श्योपुर एवं मुरैना(म.प्र.)।

अवर सचिव 29/11/2022
मध्य प्रदेश शासन
किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग